## एक नजर में

### मखमली आवाज की यादों से गुलजार हुई शाम

**मंदसौर।** नगर के सांस्कृतिक संस्था दशपुर रंगमंच मंदसौर द्वारा महान पार्श्व गायक और गजल सम्राट तलत महमूद की पुण्यतिथि के अवसर पर एक विशेष श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों ने तलत साहब द्वारा गाए गए अमर गीतों और गजलों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शानदार आगाज गायक सतीश सोनी ने बेहद लोकप्रिय गीत ''जलते हैं जिसके लिए तेरी आंखों के दीये'' से किया, जिसके बाद संगीत की यह शाम पूरी तरह से तलत महमूद की यादों में डूब गई। इसी क्रम में अभय मेहता ने अपनी सुरीली आवाज में ''ए मेरे दिल कहीं और चल'' गीत की भावपूर्ण प्रस्तुति दी, जिसे उपस्थित श्रोताओं की खूब सराहना मिली। संगीत के इस सफर को आगे ब?ते हुए आबिद शाह ने ''ये हवा ये रातें ये चांदनी'' गीत गाकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम के दौरान डॉ. महेश चन्द्र शर्मा ने तलत महमूद के गीतों की झ?ी लगा दी, जिसमें उन्होंने ''तस्वीर बनाता हूँ मगर तस्वीर नहीं बनती'', ''तेरी आंखों के आंसू पी जाऊं ऐसी मेरी तकदीर कहाँ'' और ''आंसू समझ के क्यों मुझे आंख से गिरा दिया'' जैसे सदाबहार गीतों से पूरे वातावरण को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम का कुशल संचालन कर रहे अभय मेहता ने तलत महमूद के व्यक्तित्व और उनके संगीत सफर पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अपनी विशिष्ट मखमली आवाज के कारण उन्हें ''किंग ऑफ गजल्स'' यानी गजलों का राजा कहा जाता था। उन्होंने यह भी साझा किया कि संगीत के क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान के लिए भारत सरकार द्वारा उन्हें प्रतिष्ठित पद्म भूषण अवार्ड से भी सम्मानित किया गया था। इस गरिमामयी शाम का सफल संचालन अभय मेहता द्वारा किया गया तथा अंत में सभी कलाकारों का आभार ललिता मेहता ने व्यक्त किया।

### नपा में लगाई नेशनल लोक अदालत, करदाताओं ने लिया लाभ



**मंदसौर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं म.प्र. शासन नगरीय विकास विभाग के निर्देशानुसार शनिवार को नगर पालिका कार्यालय परिसर में नेशनल लोक अदालत लगायी गयी। इस नेशनल लोक अदालत में करदाताओं को सम्पत्ति कर एवं जलकर की बकाया राशि पर शासन के नियमों के अनुसार 25, 50 व 75 प्रतिशत की छूट पेनल्टी में दी गयी। नपा परिषद में प्रात: 10 से सायं 6 बजे तक लगायी गयी इस लोक अदालत में करदाताओं ने बड़ी संख्या में आकर अपने बकाया करों का भुगतान जमा कराया। नपा परिषद ने करदाताओं की सुविधा हेतु लगभग 65 कर्मचारियों की ड्यूटी लोक अदालत स्थल पर लगायी तथा करदाताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हो इसके लिये टेंट एवं कुर्सियां लगाकर बैठने की व्यवस्था की साथ ही ठंडे पानी की भी विशेष व्यवस्था की गयी।

### गरोठ एसडीएम राहुल चौहान ने बनी में राहगीर अभियान के तहत हटाए अतिक्रमण

**गरोठ।** कलेक्टर अदिती गर्ग के मार्गदर्शन में एसडीएम राहुल चौहान के निर्देशन में राजस्व विभाग के द्वारा गरोठ उपखंड की तहसील गरोठ, भानपुरा और शामगढ़ में शासकीय रास्तो को अतिक्रमण मुक्त करने के अभियान में आज शामग? तहसील के बनी में अभियान के अंतर्गत हल्का पटवारी फूलचंद जजावरा ने जनसहयोग से रास्ते से अतिक्रमण हटाया गया, किसानों ने राहगीर अभियान में पूर्ण सहयोग किया है। गरोठ एसडीएम के नेतृत्व मे महा अभियान मे कई रास्ते के अतिक्रमण हट चुके जो आमजन के लिए मुसीबत बने हुए थे। राहगीर अभियान मे किसानो ओर आवागमन वाले लोगो को का?ी मदद मिल रही।वर्षो से अवैध तरिके से कब्जे वाले रास्तो को अतिक्रमण मुक्त कराया ओर जनसहयोग के माध्यम से कुछ रास्ते स्वयं अतिक्रमण मुक्त कर जनहित मे कार्य किए।



## शिवना नदी स्वच्छता अभियान में साधुमार्गी जैन समाजजनों ने की सहभागिता

**मंदसौर।** रविवार को साधुमार्गी जैन समाज ने शिवना नदी स्वच्छता अभियान में माननीय विधायक विपिन जैन के साथ समाजजनों एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वच्छता के प्रति अपनी जागरूकता एवं जिम्मेदारी का परिचय दिया।

अभियान में साधुमार्गी समाज अध्यक्ष प्रकाश जैन, नवीन जैन, राकेश चौधरी सहित अनेक वरिष्ठ समाजजन उपस्थित रहे। वहीं समता युवा मंडल अध्यक्ष विकास जैन (खिंदावत) के नेतृत्व में नरेंद्र डूंगरवाल, मनीष परमार, सचिन जी, मनीष चंडालिया, मार्शल नलवाया, जयराज डुंगरवाल एवं अन्य युवाओं ने ब?-च?कर सहभागिता निभाई। सभी ने मिलकर शिवना नदी को स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त बनाने हेतु श्रमदान किया तथा समाज में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का प्रेरणादायी संदेश दिया। इस अवसर पर युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला और सभी ने भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्यों में निरंतर सहयोग देने का संकल्प लिया। यह अभियान इस बात का प्रतीक बना कि जब समाज के वरिष्ठजन एवं युवा एकजुट होकर कार्य करते हैं, तब जनहित एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सकारात्मक परिवर्तन संभव होता है।

## खेड़ापति बालाजी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 14 को



**गरोठ।** फूलखेड़ा स्थित खेड़ापति बालाजी मंदिर में प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा एवं लोकार्पण महोत्सव 12 से 14 मई तक श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित होगा। आयोजन का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ मृत्युंजय महादेव मंदिर से खेड़ापति बालाजी मंदिर तक किया जाएगा। कार्यक्रम निरंजन पंचायती अखाड़ा हरिद्वार मायापुर के पीठाधीश्वर 1008 स्वामी महामंडलेश्वर मधुसूधानंद जी गिरी के सानिध्य में संपन्न होगा।

मंदिर सेवा समिति अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल ने बताया कि जनसहयोग और श्रद्धालुओं की आस्था से मात्र सात माह में भव्य मंदिर का निर्माण पूरा हुआ है। मंदिर में धौलपुर पत्थर और मकराना संगमरमर का उपयोग किया गया है तथा 21 फीट ऊंचा शिखर इसकी विशेष आकर्षण है।

तीन दिवसीय आयोजन में वैदिक अनुष्ठान, देव पूजन, यज्ञ, अभिषेक, शोभायात्रा एवं पंचकुण्डीय मारूति रुद्र महायज्ञ आयोजित होंगे। 14 मई को राम दरबार एवं शीतला माता की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा, स्वर्ण कलशारोहण एवं पूर्णाहुति संपन्न होगी। महोत्सव के उपरांत विशाल महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। समिति ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

## दोषी की स्मृति में अन्नक्षेत्र में किए सेवा कार्य




**नवभारत न्यूज**

**मंदसौर। सकल जैन समाज महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में स्व. श्रीमती ज्योति दोषी की पुण्य स्मृति में जनकूपुरा स्थित अन्नक्षेत्र में जरूरतमंद व्यक्तियों को ससम्मान भोजन कराया गया। इस पुनीत कार्य का मुख्य संयोजन पूर्व महामंत्री शशि मारू एवं जमुना बाफना द्वारा किया गया, जिन्होंने अपनी आत्मीय मित्र की स्मृति को जीवंत रखने के लिए इस सेवा प्रकल्प को चुना।**

इस दौरान संबोधित करते हुए शशि मारू और जमना बाफना ने अत्यंत भावुक शब्दों में स्व. ज्योति दोषी को याद किया। उन्होंने कहा कि ज्योति जी का व्यक्तित्व स्नेह और अपनत्व से परिपूर्ण था। उनकी मधुर यादें और दूसरों की मदद करने का उनका जज्बा आज भी समाज की महिलाओं के हृदयों में जीवित है।

इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ की महामंत्री विनाली मेहता ने कहा कि ज्योति जी का जीवन समाज के लिए प्रेरणादायी रहा है और इस प्रकार के आयोजनों से समाज में एकजुटता तथा सेवा की भावना प्रबल होती है।

कार्यक्रम में जितेंद्र डोसी, हेमलता डोसी, दिनेश डोसी, संदीप डोसी, मीथिला डोसी और नरेंद्र मारू, महिला प्रकोष्ठ की पूर्व महामंत्री इन्दू पंचोली, अंगुरबाला पितलिया, मंत्री पूर्णिमा चौरडिया, अलका जैन, सहमंत्री किरण जैन और पदमा जैन ने भी सहभागिता की। कार्यक्रम की सभी लोगों ने सराहना की।

**एक नजर** — सकल खटीक समाज ने की छात्रावास-मांगलिक भवन निर्माण के लिए समिति गठित

## दिलीप सांवलिया अध्यक्ष और खोईवाल सचिव निर्वाचित

**मंदसौर। सकल खटीक समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार, 10 मई को सुबह 10ः00 बजे स्थानीय महाकाल गार्डन में आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य समाज के लिए छात्रावास सह मांगलिक भवन निर्माण की योजना पर विस्तार से चर्चा करना था। उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा इस पुनीत कार्य हेतु ग्राम मुंदड़ी के सर्वे नंबर 377 में 40 आरी भूमि आवंटित की गई है, जिस पर निर्माण कार्य शुरू करने की अनुमति प्राप्त हो चुकी है।**



भवन निर्माण के इस बड़े लक्ष्य को व्यवस्थित रूप देने के लिए बैठक में सर्वसम्मति से एक निर्माण समिति का गठन किया गया। समाज के सभी सदस्यों ने एकजुटता दिखाते हुए श्री दिलीप सांवलिया को निर्माण समिति के अध्यक्ष पद पर और श्री बलराम खोईवाल को सचिव पद पर निर्वाचित किया। नव-निर्वाचित पदाधिकारियों का समाज के वरिष्ठजनों और युवाओं द्वारा पुष्पहारों से स्वागत कर शुभकामनाएं प्रेषित की गईं।

समाज के प्रतिनिधियों ने विश्वास जताया कि नवनिर्वाचित नेतृत्व के मार्गदर्शन में छात्रावास एवं मांगलिक भवन का यह सपना शीघ्र ही साकार होगा। यह परिसर आने वाली पीढ़ी के लिए शिक्षा और सामाजिक विकास का एक प्रमुख केंद्र बनेगा। इस ऐतिहासिक पहल और भूमि आवंटन के बाद निर्माण की दिशा में कदम बढ़ाने पर संपूर्ण सकल खटीक समाज में हर्ष व्याप्त है और सभी ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए अपनी सहभागिता का संकल्प दोहराया है।

# नीमच

## एक नजर में

### लोक अदालत में 11 वर्ष पुराने दो प्रकरणों का हुआ सौहार्दपूर्ण निराकरण

**नीमच।** 11 वर्ष पुराने आपराधिक प्रकरणों का राष्ट्रीय लोक अदालत में सौहार्दपूर्ण निराकरण राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में तहसील न्यायालय मानसा में व्यवहार न्यायाधीश श्री रौनक पाटीदार की खंडपीठ द्वारा लगभग 11 वर्ष पुराने दो शमनीय आपराधिक प्रकरणों का आपसी समझौते के माध्यम से सफलतापूर्वक निराकरण किया गया। खंडपीठ में न्यायाधीश श्री रौनक पाटीदार एवं खंडपीठ सदस्य अधिवक्ता श्री राकेश गुर्जर ने वर्ष 2015 से लंबित भारतीय दंड संहिता की धारा 294, 323 एवं 506 के प्रकरण में दोनों पक्षों को समझाइश देकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में समझौता कराया था। उक्त प्रकरण में दो आरोपी थे, जिनका अपने पड़ोसी खेत के व्यक्तियों से सुखला निकालने की बात को लेकर विवाद हो गया था। विवाद के उपरांत पीड़ित पक्ष ने आरोपियों के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी तथा न्यायालय में चालान प्रस्तुत होने के बाद से प्रकरण विगत 11 वर्षों से लंबित था। राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से दोनों पक्षों ने आपसी वैमनस्य समाप्त कर सौहार्दपूर्ण वातावरण में प्रकरण का निराकरण किया, जिससे न केवल न्यायालयीन विवाद समाप्त हुआ बल्कि आपसी संबंधों में भी सुधार आया। उक्त प्रकरण के निराकरण में अधिवक्ता श्री रंजीत देवड़ा का भी विशेष योगदान रहा। इसी प्रकार वर्ष 2015 से लंबित मारपीट के एक अन्य प्रकरण में, उधार दिए गए रुपयों को लेकर हुए विवाद एवं मारपीट के मामले में भी दोनों पक्षों को समझाइश देकर आपसी समझौते के आधार पर प्रकरण का निराकरण कराया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से वर्षों पुराने विवादों का शांतिपूर्ण समाधान होने से पक्षकारों को त्वरित एवं सुलभ न्याय प्राप्त हुआ तथा सामाजिक सौहार्द को भी बढ़ावा मिला।

### भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए आगे आया लायंस क्लब मनासा, 201 सकोरों का वितरण, मूक पक्षियों के लिए जल सेवा का संदेश



**मनासा।** भीषण गर्मी में मूक पक्षियों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से लायंस क्लब मनासा द्वारा रविवार को एक्शन संडे के तहत सकोरा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम लायंस क्लब अध्यक्ष विष्णु सोनी के भ्राता स्वर्गीय रमेश सोनी की स्मृति में आयोजित किया गया, जिसमें 201 सकोरों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान क्लब सदस्यों ने नागरिकों से अपील की कि वे अपने घरों, छतों और आसपास सकोरों में पानी भरकर पक्षियों के लिए पेयजल की व्यवस्था करें। वक्ताओं ने कहा कि गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिए पानी का छोटा सा प्रयास भी उनके जीवन के लिए अमृत समान है। लायंस क्लब ने लोगों से मानवता और प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का आह्वान करते हुए सकोरा अभियान में सहभागी बनने की अपील की। इस अवसर पर रीजन चेयरपर्सन रमेश मुंदड़ा, प्रकाश झवर, अशोक मालपानी, एम.के. डे, नेमीचंद पाटीदार, यशवंत सोनी, कैलाश कामरिया, प्रशांत शर्मा, अनूप व्यास, नितिन जैन, अंकित सारडा, अश्विन सोनी, पीयूष सोनी एवं अभिषेक सोनी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## ट्रैफिक पुलिस ने 30 चालान काटे

▸ वाहनों से काली फिल्म हटाने के निर्देश, बाइक पर तीन सवारी बैठाने वालों पर जुर्माना



**नीमच। शहर में यातायात व्यवस्था सुधारने और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई के लिए पुलिस प्रशासन अब पूरी तरह सख्त हो गया है। पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवलसिंह सिसोदिया और नगर पुलिस अधीक्षक किरण चौहान के निर्देशन में यातायात थाना प्रभारी सोनू बडगुर्जर और उनकी टीम ने सघन चेकिंग अभियान चलाया।**

इस अभियान का मुख्य फोकस उन चार पहिया वाहनों पर रहा जिनके शीशों पर नियमों के खिलाफ काली फिल्म लगी हुई थी। पुलिस ने ऐसे वाहनों को रोका, मौके पर ही काली फिल्म उतरवाई और चालान भी जारी किए।

**शराब पीकर बाइक चलाने वालों पर कार्रवाई**–विशेष चेकिंग के दौरान यातायात टीम ने बाइक पर तीन सवारी बैठाकर चलने वाले युवकों और शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों पर भी कार्रवाई की। इस दौरान शनिवार देर रात तक कुल 30 चालान काटे गए और वाहन चालकों से 11 हजार रुपए का समन शुल्क वसूला गया।

पुलिस की इस सक्रियता से नियम तोड़ने वाले चालकों में हड़कंप मच गया। कार्रवाई के साथ-साथ पुलिस ने वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया और यातायात नियमों का पालन करने की हिदायत दी।

> **वाहनों से काली फिल्म हटाने के निर्देश**
>
> यातायात पुलिस नीमच ने जनता से अपील की है कि वे अपने वाहनों से काली फिल्म स्वयं हटा लें, ताकि उन्हें किसी भी प्रकार की दंडात्मक कार्रवाई का सामना न करना पड़े और शहर की यातायात व्यवस्था सुगम बनी रहे।

## रतनगढ़ से लापता नाबालिग लड़की कानपुर में मिली, पुलिस ने परिजन को सौंपा

▸ इधर, घर से गुम हुई बच्ची को 2 घंटे में ढूंढा



**नीमच। रतनगढ़ पुलिस ने शनिवार को दो अलग-अलग मामलों में लापता बच्चों को ढूंढ निकाला। इनमें से एक नाबालिग लड़की को उत्तर प्रदेश से लाया गया। जबकि दूसरी मासूम बच्ची को महज दो घंटे में तलाश लिया गया।**

पहला मामला 30 अप्रैल 2026 का है, जब रतनगढ़ कस्बे से एक नाबालिग बालिका लापता हो गई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की। साक्ष्यों और फील्ड इनपुट की मदद से पुलिस टीम उत्तर प्रदेश के कानपुर पहुंची और वहां से बालिका को सुरक्षित वापस लाया गया।

> **दो घंटे में मिली 5 साल की मासूम**
>
> दूसरी घटना नीम का खेड़ा इलाके की है। यहां रहने वाले पंकज धाकड़ की 5 वर्षीय बेटी पूर्वी घर के बाहर से अचानक गायब हो गई थी। सूचना मिलते ही रतनगढ़ पुलिस की एफआरवी टीम तुरंत एक्शन में आई। टीम ने पूरे इलाके में तलाशी अभियान चलाया और सिर्फ दो घंटे के भीतर बच्ची को खोज निकाला।

> **परिजन ने जताया आभार**
>
> लापता मासूम पूर्वी को जब पुलिस ने उसके माता-पिता के सुपुर्द किया, तो परिजन की आंखों में खुशी के आंसू छलक आए। सुरक्षित घर वापसी पर परिवार ने रतनगढ़ पुलिस की मुस्तैदी और मानवीय पहल की सराहना करते हुए उनका धन्यवाद किया।

**एक नजर** — मध्यप्रदेश, राजस्थान, गुजरात, सहित अन्य राज्यों से मुरीदों ने की शिरकत

## मुस्लिम धर्म गुरु पीर सैयद मोहम्मद आकिल साहब के चौथे उर्स में उमड़ा जनसैलाब

**जावद।** आबरुए अहले सुन्नत गुले गुलज़ारे कादरियत शैखे आज़म मेवाड़ पीर ए तरीकत रहबर ए राहे शरीयत हजरत अल्लामा मौलाना अल्हाज सैयद मोहम्मद आकिल अख्तरुल क़ादरी साहब रहमतुल्लाह अलैय का चौथा उर्स हुसैनी मस्जिद ख़ानक़ाह ए क़ादरीया जावद मे मनाया गया।



सैयद इमरान रजा ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया की उर्स-ए-कादरी दो दिवसीय मनाया गया। उर्स की शुरूआत 8 मई को कपासन से आलम शरीफ का जलसा निकाला गया जो कपासन चित्तौड़गढ़ निम्बाहेड़ा होते हुए जावद शहर पहुँचा। अगले दिन शाम को अलम शरीफ और चादर मौमिन मोहल्ला, खुर्रा चौक से जुलूस के रूप में नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए नीमच दरवाजा स्थित हुसैनी मस्जिद में खानकाहे कादरीया तक पहुंचा जहां पर चादर पेश की गई एवं अलम की रस्म अदा की गई। आयोजन में भारी संख्या में मुरिद मौजूद रहे। अलम शरीफ में जावद शहर काजी सैयद मोहम्मद आदिल रजा, हाफिज सैयद नईम इक़बाल कोटा, हज़रत सूफी आजाद चिश्ती खानकाह महमूद चिशती ओछडी, जमील चिश्ती, आरिफ खान, उस्मान भाई बोदीयाना, आशिक पौड़, नावेद पौड़, रियाज मंगलिया, इस्माईल पौड़, रफीक भाटी, शाकिर पार्षद, सैयद अख्तर अली कपासन, सैयद रोशन अली कपासन, क़ादरी ग्रुप जावद उम्मेदपुरा एवं दीवाना ग्रुप, मौलाना अशफाक रामपुरा दरवाजा, मौलाना अवहुद्दीन रूपारेल, गनी बाबा अस्तान नाथद्वारा ने शिरकत की।वहीं रात को महफ़िल ए मिलाद का आयोजन किया गया जिसकी शुरुआत मिलाद पार्टी जावद, मिलाद पार्टी कपासन, मिलाद पार्टी तुर्किया ने की उसके बाद कामिल रजा उदयपुर, जुनेद अत्तारी, वसीम बेखुद मांडल, हाफिज आसीफ, हाफिज फारुख निजामी, हाफिज फरीद, जावेद क़ादरी निम्बाहेड़ा, जुनेद अत्तारी निम्बाहेड़ा, हाफिज समीर, कारी उस्मान ने कलाम पेश किए। मुफ़्ती अमानउल्लाह कैथून, सैयद हामिद रजा शहर काजी बोतलगज, मौलाना मोइन रजा, हाफिज कामरुजमा, हाफिज फारुख निजामी आदि ने तकरीर की और समाजजनो को इस्लामि कल्चर के बारे में विस्तार से बताया।

> **मध्य रात्रि हुई ग़ुस्ल की रस्म**
>
> सैयद नईम इक़बाल कोटा ने बताया की ग़ुस्ल शरीफ की रस्म रात 3 .30 बजे सैयद नईम इक़बाल कोटा, सैयद अख्तर अली बुखारी मेम्बर दरगाह शरीफ कपासन, असलम शेख मेम्बर दरगाह शरीफ कपासन आदि ने अदा करवाई।